**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 08.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में एचएमपीवी से निपटने के लिए तैयारियां तेज, सरकार ने एयरपोर्ट, बस और रेलवे स्टेशनों पर संदिग्धों की स्क्रीनिंग का दिया निर्देश।**
2. **दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में झारखंड के 60 युवा होंगे शामिल, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने युवाओं के दल को किया रवाना।**
3. **राज्य में अपराधियों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता, हजारीबाग में पांच अफीम तस्कर गिरफ्तार, जामताड़ा में पांच साइबर अपराधियों सहित सात पकड़े गये।**
4. **रामगढ़ जिले में भीषण सड़क हादसा, ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, तीन स्कूली बच्चों समेत चार लोगों की मौत, कई बच्चे गंभीर रुप से घायल।**
5. **रांची में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल में राज्य की शिवानी कुमारी ने 400 मीटर हर्डल रेस में जीता रजत पदक, अंक तालिका में झारखंड आठवें स्थान पर।**

****************************

देश में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस–एचएमपीवी की पुष्टि के बाद झारखंड में भी स्वास्थ्य महकमा सतर्क हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने सभी सिविल सर्जन को एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने एयरपोर्ट, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर संदिग्धों की स्क्रीनिंग का भी निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही सभी जिलों में वायरस से निपटने की तैयारी शुरु कर दी गयी है। सरायकेला खरसावां जिले के सिविल सर्जन डा. अजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि इस वायरस से घबराने की जरुरत नहीं है। उन्होंने लोगों से मास्क का इस्तेमाल करने की अपील की है।

****************************

उधर, देवघर में एम्स प्रबंधन ने भी इस वायरस की चुनौतियों से निपटने की तैयारियां आरंभ कर दी है। एम्स निदेशक सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि एचएमपीवी वायरस को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की गाइडलाइन का अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंने हृदय और फेफडों की बीमारी से ग्रस्त मरीजों को इस वायरस से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

****************************

नई दिल्ली के भारत मंडपम में दस से बारह जनवरी तक आयोजित होने वाले 28वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव में झारखंड के 60 युवा भाग लेंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव ने आज राजभवन से युवाओं के दल को दिल्ली के लिए रवाना किया। इस दौरान युवाओं ने विकसित भारत और महिला सशक्तीकरण समेत अन्य विषयों पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी बात रखी। मौके पर राज्यपाल ने उम्मीद जतायी कि ये युवा पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनायेंगे।

****************************

झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष शबनम परवीन ने गढ़वा जिले में खाद्यान्न वितरण में शिकायतों की जांच की। बैठक के बाद शबनम परवीन ने मीडिया को बताया कि गढ़वा में खाद्यान्न वितरण में अनियमतता की लगातार शिकायत मिल रही थी। इस सिलसिले में संबधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।

****************************

हजारीबाग जिले में पुलिस ने पांच अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सात सौ ग्राम अफीम, एक लाख रुपये नगद और दो वाहन जब्त किये गये हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि इन अफीम तस्करों के तार उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए हैं।

****************************

उधर, जामताड़ा जिले में पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर डीएसपी विकास आनंद लागूरी ने बताया कि इन अपराधियों के पास से 12 मोबाइल सेट, 14 फर्जी सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, चेकबुक और आधारकार्ड बरामद किये गये हैं। पुलिस ने एक लूटकांड के दो आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है।

**********************

एक देश एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक आज दिल्ली में हो रही है। मीडिया से बात करते हुए कमेटी के अध्यक्ष बीजेपी सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि समिति सभी हितधारकों को सुनने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि समिति सभी सदस्यों के साथ मिलकर सभी से इनपुट लेने के बाद आगे बढ़ने का फैसला करेगी।

**********************

रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के तिरसा चौक के पास आज एक सड़क हादसे में तीन स्कूली छात्रों समेत चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई बच्चे गंभीर रुप से घायल हुए हैं। बताया जाता है कि स्कूली बच्चों को लेकर जा रहे ऑटो को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया।

**********************

सुखाड़ प्रभावित पलामू जिले के हुसैनाबाद में किसानों ने खेती को नया आयाम देकर अपने लिए आर्थिक सशक्तीकरण की राह तैयार की है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में अगले दो दिन फिर कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग ने घने कोहरे का भी येलो अलर्ट जारी किया है। उधर, कोडरमा जिले में ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ है। कोहरे की वजह से जहां ट्रेने विलंब से चल रही हैं, वहीं सड़क यातायात पर भी इसका असर पड़ा है।

**********************

इधर, देवघर जिले में ठंड को देखते हुए उपायुक्त विशाल सागर ने सभी प्रखंडों और नगर निकायों को विशेष आवंटन जारी किया है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

**********************

रांची में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल अंतर्गत अंडर–19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तीसरे दिन 26 स्पर्द्धाएं हुईं। झारखंड की शिवानी कुमारी ने बालिका वर्ग के 400 मीटर हर्डल रेस में राज्य को रजत पदक दिलाया। इसके साथ ही झारखंड 24 अंकों के साथ पदक तालिका में आठवें स्थान पर पहुंच गया है।

**********************

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोट्र्स कांप्लेक्स में कल से चार दिवसीय डॉग शो शुरु हो रहा है। फेडरेशन सिनोलॉजीक इंटरनेशनल और द कैनल क्लब ऑफ इंडिया की ओर से आर्चरी ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस डॉग शो का उद्घाटन कल सुबह नौ बजे उपायुक्त अनन्य मित्तल करेंगे। यह जानकारी जमशेदपुर कैनल क्लब की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रुचि नरेंद्रन ने दी।उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 441 श्वान भाग ले रहे हैं, जिनमें से 90 श्वान जमशेदपुर के हैं।

*********समाप्त*************